शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
पंजीयन क्र. 26869/13
# प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ (म.प्र)
( स्व सहायता समूह, रसोइया संघ )

## प्रदेश अध्यक्ष
**श्रीमती सरिता ओमप्रकाश सिंह बघेल**
मो.9329767969,8770914831

क्रमांक mp/पत्र/422953/505689/2025 **दिनांक.09/12/2025**

**प्रति,**

**दीपाली रस्तोगी जी**
**प्रमुख सचिव ,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

**विषय:-** मध्यान्ह भोजन संचालन में भुगतान देरी, कम खाद्यान्न, भ्रष्टाचार और कार्य परिस्थितियों में सुधार हेतु माँग पत्र

**महोदया,**

निवेदन है कि मध्यप्रदेश के समस्त स्व सहायता समूहों एवं रसोइया बहनों द्वारा संचालित मध्यान्ह भोजन योजना में पिछले कई महीनों से भारी अव्यवस्थाएँ, अनियमितताएँ और विभागीय लापरवाही देखने को मिल रही है। इससे न केवल समूह बहनों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है, बल्कि विद्यालयों के मासूम बच्चों के पोषण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है।

**नीचे उल्लिखित समस्याएँ वर्तमान स्थिति की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती हैं—**

1. 4– 5माह तक भुगतान नहीं मिलने के कारण समूह कर्ज लेकर मध्यान्ह भोजन बनाने को मजबूर हैं। अधिकांश समूह कर्ज के बोझ तले दब चुके हैं।
2. वर्तन राशि अभी तक समूहों को प्राप्त नहीं हुई, जबकि केंद्र सरकार द्वारा महीनों पहले राशि जारी कर दी गई थी। कई समूह मजबूरी में पेपर की पत्तल में भोजन परोसने को विवश हैं।
3. पोर्टल पर दर्ज वास्तविक छात्र संख्या के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है। 100 बच्चों को भोजन देने पर भी केवल 35–45 बच्चों की राशि ही भेजी जाती है, ऐसे में मेन्यू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन देना असंभव है।
4. खाद्यान्न वितरण में लगातार भ्रष्टाचार एवं कटौती की शिकायतें हैं। समूहों को पूर्ण 100% खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जाता, जिससे बच्चों के पोषण पर गंभीर असर पड़ रहा है।

**हमारी प्रमुख माँगें**

1. मध्यान्ह भोजन की 4–5 माह से लंबित राशि तत्काल एकमुश्त जारी की जाए।
2. स्व सहायता समूहों द्वारा लंबे समय से माँगी जा रही वर्तन राशि तत्काल जारी की जाए, जिससे समूह सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध करा सकें।
3. पोर्टल पर दर्ज वास्तविक छात्र संख्या के अनुसार ही भुगतान अनिवार्य रूप से जारी किया जाए।
4. खाद्यान्न वितरण में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने हेतु जिला स्तर पर विशेष जाँच समिति गठित की जाए तथा समूहों को 100% खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए।

## प्रदेश अध्यक्ष

श्रीमती सरिता ओमप्रकाश सिंह बघेल

मो.9329767969,8770914831

क्रमांक. mp/पत्र/422953/505689/2025/2 **दिनांक.09/12/2025**

5. मध्यान्ह भोजन योजना के सभी भुगतान की मासिक समयबद्ध प्रणाली बनाई जाए ताकि समूहों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।
6. रसोइया एवं स्व सहायता समूह बहनों के साथ हो रही उपेक्षा, दबाव व शोषण को रोकने हेतु विभागीय जवाबदेही निर्धारित की जाए तथा दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**अतः** निर्धारित अवधि में इन मुद्दों पर ठोस निर्णय एवं कार्यवाही नहीं होती है, तो प्रदेश के सभी स्व सहायता समूह व रसोइया बहनें मजबूर होकर **चूल्हा बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल** पर जाने के लिए बाध्य होंगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**प्रदेश अध्यक्ष**

**सरिता ओमप्रकाश सिंह बघेल**

**प्रतिलिपि -**

- माननीय प्रधानमंत्री महोदय
- माननीय डॉ .मोहन यादव जी, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन
- माननीय पहलद सिंह पटेल जी, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग मंत्री शासन